PRASHANT PRESENTS
राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 485
सुपर कमांडो
ध्रुव
RFN

सुदूर भविष्य के दो इंसानों में शर्त लगी कि ध्रुव का दिमाग बड़ा है या फिर भविष्य की वैज्ञानिक तकनीक और इस बात को साबित करने के लिए वैज्ञानिक इवेंशन प्रसा ने ध्रुव को भविष्य में बुलाने की ठान ली। उधर आर्मी डिपो से गायब होते हथियारों के आतंकवादियों के हाथों तक पहुंचने की घटना की जांच करने के लिए ध्रुव आर्मी डिपो में कैप्टेन बनकर तैनात हो गया लेकिन आर्मी डिपो में एक गुरिल्ले के द्वारा हथियारों की चोरी भी की गई और डिपो में विस्फोट भी हो गया। ध्रुव आश्चर्यजनक रूप से इस विस्फोट में बच गया और न जाने कैसे उसमें अद्भुत शक्तियां आ गईं। हथियारों के ट्रक को ले जा रहे रोबो ने ध्रुव से टकराने की कोशिश तो की पर उसे भागना पड़ा। लेकिन ध्रुव की शक्तियों से वह बच नहीं पाया और ध्रुव ने उसको राजनगर में जा दबोचा। पर तभी वहां पर रहस्यमय किंगकांग ने आकर ध्रुव को बेहोश कर दिया! दूसरी तरफ होश में आए ध्रुव ने अपने आपको भविष्य की दुनिया में पाया। तब उसको पता चला कि उसको डिपो में हुए विस्फोट से ठीक पहले ही भविष्य में बुला लिया गया था और इस वक्त वर्तमान काल में उसका रोबॉट, रोबो से टक्कर ले रहा था। अब भविष्य की दुनिया में ध्रुव को यह साबित करना है कि विज्ञान से ज्यादा तेज है दिमाग और रोबॉट से कहीं ज्यादा घातक है।

सुपर कमांडो ध्रुव

कथाः	चित्रः	इंकिंगः	सुलेख एवं रंगः	सम्पादकः
जॉली सिन्हा	अनुपम सिन्हा	विनोदकुमार	सुनील पाण्डेय	मनीष गुप्ता

...हम प्रगति के उस दौर में पहुंच गए हैं जहां पर हम हर किस्म का लेन-देन कंप्यूटर के द्वारा ही करते हैं! हर इंसान के पास एक कोड है और उसके कोड के उस एकाउंट में क्रेडिट जमा कर दिए जाते हैं! फिर उसी क्रेडिट को विक्रेता के खाते में जमा कराकर मनचाही वस्तु खरीद ली जाती है!

सीधी भाषा में कहें तो पैसों को हमारे युग में आंखों से देखा नहीं जा सकता! वह बस आंकड़ों के रूप में एकाउंट में जमा रहता है!

इतने बड़े काम को संभालने वाले कंप्यूटर को भी एक अत्यंत तेज गति के 'प्रोसेसर' की जरूरत होती है!

और इस नाजुक काम को संभालने वाले हमारे सुपर मेगा कंप्यूटर का प्रोसेसर है यह सिलिकॉन क्रिस्टल! हमको अभी-अभी खबर मिली है कि इसको चुरा लिया गया है!

समझा! पर इससे मानवजाति और पृथ्वी के नष्ट होने का खतरा कैसे पैदा हो गया है?

SILICON CRYST

खुद ही देख लो! इंसान हर समय कुछ न कुछ खरीदता रहता है!

चारों तरफ जंगल राज हो गया है! हमारी सीमित संख्या वाली पुलिस या मिलिट्री इस लूटपाट को रोक पाने में असमर्थ है! अगर जल्दी ही वह क्रिस्टल न मिला तो चारों तरफ लाशें ही लाशें होंगी! कुछ ही घंटों में हम कई सौ साल पीछे चले जाएंगे!

वैसे तो हमारी उन्नत वैज्ञानिक तकनीक से लैस हमारे जासूस क्रिस्टल का पता जल्दी ही लगा लेंगे!

लेकिन अगर तुम उनसे पहले क्रिस्टल तक पहुंच गए तो मैं तुम्हारे दिमाग को भी मान जाऊंगा और यह भी मान लूंगा कि प्रकृति विज्ञान से ज्यादा बड़ी होती है!

मैं विनाश रोकने के लिए ऐसा करना चाहता हूं! लेकिन मुझको इस युग के बारे में कुछ नहीं पता! मैं तो इस शहर का नक्शा तक नहीं जानता!

जब दिमाग तुम्हारे साथ है तो डरते क्यों हो ध्रुव! वैसे भी तुम्हारा मार्ग दर्शन करने के लिए इंस्पेक्टर डाला तुम्हारे साथ रहेंगे!

ठीक है! पर ऐसा मैं आपके चैलेंज के कारण नहीं बल्कि मानव जाति को बचाने के लिए करूंगा!

सन् 2003 - वर्तमान युग -
वह रहस्यमय किंगकांग ध्रुव को अपने साथ ले गया, और हम कुछ भी नहीं कर पाए!
ओफ़! ये... ये मैंने क्या किया? मैंने क्यों किंगकांग की बात मानी! और अभी भी मैं कुछ नहीं कर पाया! पर अब मैं अपने आपको आजाद महसूस कर रहा हूं!
ये आप क्या कह रहे हैं, पापा? ये किंगकांग कौन है? ऐसा लगा जैसे कि आप उसको पहले से ही जानते हों। क्या यही वह शख्स था जिसने आपको हथियारों की तस्करी के लिए मजबूर किया था? अगर ऐसा है तो आप ये भी जानते होंगे कि किंगकांग ध्रुव को कहां ले गया है! हमें ध्रुव को बचाना होगा!

हां! सिर्फ ध्रुव को बचाना ही नहीं होगा, बल्कि किंगकांग को भी काबू में करना होगा! और यह काम आसान नहीं होगा! मैं भी उसके आदेश से तभी आजाद हो पाया जब मैंने माल को दूसरे के हवाले कर दिया!
मैं कुछ समझी नहीं!
मैंने किंगकांग को उसका माल ले जाने से मना कर दिया था! लेकिन उसने मेरी आंखों में देखा और मैं उसका काम करने के लिए मजबूर हो गया! किंगकांग के पास कुछ आश्चर्यजनक शक्ति है नताशा!
फिर भी हमको ध्रुव को बचाने के लिए जाना ही होगा, रोबो!
ठीक है! मैं मूसा से हैली-कॉप्टर तैयार करने को कहता हूं!
ध्रुव जहां पर भी था, गहरी मुसीबत में था-
हम पहली बार मिल रहे हैं सुपर कमांडो ध्रुव! तुम मुझको नहीं जानते, लेकिन मैं तुमको बहुत अच्छी तरह से जानता हूं!
तुमने पहले भी मुझको काफी नुकसान पहुंचाया है! लेकिन अब तुम अपनी हदें पार कर गए हो! और ऐसा तुम सिर्फ इसलिए कर पाए, क्योंकि तुमको कहीं से आश्चर्यजनक शक्तियां मिल गई हैं! मैं जानना चाहता हूं कि ये शक्तियां तुमको कैसे मिलीं!

बता दूंगा! मेरा क्या जाता है? पर पहले तुम बताओ कि आखिर तुम क्या चाहते हो? पैसा तो नहीं चाहते होगे! वर्ना ऐसी सड़ी और सीलन भरी गुफा के बजाए किसी आलीशान एयरकंडीशंड बंगले में रह रहे होते!
तुम्हारा दिमाग वाकई शानदार है! इस बात को पहली बार कोई मुझसे पूछ रहा है! क्योंकि कभी किसी ने इस बात पर ध्यान ही नहीं दिया!
पैसा कमाना कभी भी मेरा मकसद नहीं रहा! पैसा तो मेरे हाथों की मैल है! जब रगड़ूंगा, पैसा पैदा हो जाएगा।
मेरा मकसद है मानवों की तबाही! और उसके लिए मुझे मानवों का दुश्मन ढूंढने की जरूरत नहीं है! क्योंकि मानवों का सबसे बड़ा दुश्मन खुद मानव ही है!
एक इंसान के हाथ में गन थमा दो तो वह सबसे पहले किसी इंसान पर ही गोली चलाएगा!
यही सोचकर मैंने दुनियाभर के असन्तुष्ट मानवों के हाथों में बंदूकें देने का इरादा कर लिया।
अब सारी दुनिया के आतंकवादियों को मैं हथियार और गोला-बारूद सप्लाई करता हूं! अब सिर्फ यह बताना बाकी रह गया है कि इसके पीछे मेरा मकसद क्या है!
और वह मैं तुझे मरने से पहले जरूर बताऊंगा!
ये मेरा वादा है!
जरूर बताना!

लेकिन तुमने यह नहीं बताया कि यह तुम किसके मरने से पहले बताओगे ? मेरे..या अपने ?
तूने इरीडियम की बनी अविनाशी चेनों को तोड़ डाला। इतनी शक्ति कहां से आई तुझमें ? और अगर ये काम तू कर सकता था तो यह काम तूने पहले ही क्यों नहीं कर लिया?
मैं तुम्हारे वार से बेहोश हुआ ही नहीं था, किंगकांग! मैं तो चाहता था कि तुम मुझे अपने साथ इस अड्डे तक लेकर आओ! तुम्हारे अड्डे तक पहुंचने का इससे आसान रास्ता मुझको समझ में नहीं आया! अब अपना आधा मकसद तो तुमने मुझको बता ही दिया है, बाकी आधा मकसद मैं तुमको अधमरा करने के बाद पूछ लूंगा!
आSSSSह!
कमाल है! मेरे वार से तो कोई भी इंसान बच ही नहीं सकता था! तू कैसे बच गया ? अब तो तेरी शक्तियों का राज पता करना और भी जरूरी हो गया है!

सन् 2196-

हम इस युग के सबसे बड़े अपराधी संगठन हैं। अगर हमने सिलिकॉन क्रिस्टल को नहीं चुराया तो फिर ये काम और किसका हो सकता है?

जिसका भी यह काम है हमको उसको ढूंढ़ निकालना होगा। इस क्रिस्टल पर हमारी नजर बहुत वर्षों से थी, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण हम कामयाब नहीं हो पा रहे थे। अब जबकि उस क्रिस्टल को सुरक्षा घेरे से निकाल लिया गया है, तब हमें उसको हासिल करना ही होगा। अगर वह क्रिस्टल हमारे हाथों में आ गया तो मानवों की किस्मत और उनका भविष्य भी हमारे हाथों में आ जाएगा!

ऐसा ही होगा! आज तक सिर्फ एक इंसान हमको रोक पाने में सफल हो पाया था! और यह बात लगभग दो सौ साल पहले की है!

तुम सुपर कमांडो ध्रुव की बात कर रहे हो! अरे, अब ऐसे इंसान कहां पैदा होते हैं!

वैसे भी बुरी बातें याद मत रखा करो!

और शहर में-
ये हम इस मशीन के सामने बैठकर क्या कर रहे हैं इंस्पेक्टर मिट्टा ?
ये 'प्रोबिंग मशीन' है, सर... मेरा मतलब... ध्रुव! ये हमारी हर सोच हर विचार का विश्लेषण कर सकती है! यह इस बात का फैसला करती है कि हमारा इरादा आपराधिक है या नहीं!
इस मशीन से ओ.के. मिलने के बाद ही हमको सिलिकॉन क्रिस्टल वाले ब्लॉक में घुसने की क्लियरेंस मिलेगी!
हमको क्लियरेंस तो मिल गई इंस्पेक्टर! लेकिन सोचने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अपराधी क्रिस्टल तक पहुंचा कैसे ?
बचो, ध्रुव! इस बात पर बाद में डिस्कस करना! फिलहाल तो यहां से निकलो!
ओफ़! चारों तरफ तबाही फैली हुई है! अगर क्रिस्टल न मिला तो हमारा पूरा सिस्टम ही नष्ट हो जाएगा!
उससे पहले तुम नष्ट हो जाओगे!

क्योंकि तुम्हारा काम तमाम करने आ गया है वैक्यूम बूम!
बचो, ध्रुव! तुरन्त गाड़ी से बाहर निकलो।
ऐसा क्या है इस वैक्यूम बूम में जो तुम्हारे जैसा जांबाज इंस्पेक्टर भी इससे बचने की कोशिश कर रहा है?
ये इस शताब्दी का सबसे खतरनाक हत्यारा है, ध्रुव! यह वैक्यूम-ग्रेनेड फेंककर वायुरहित वैक्यूम पैदा कर देता है!
और उस वैक्यूम के अंदर हर ऐसी चीज फट जाती है जिसमें प्रेशर युक्त कोई भी चीज लगी हो। जैसे गैस से चलने वाली हमारी कारें...

या जमीन के नीचे स्थित हमारी गैस और वाटर पाइप लाइनें...
... और इसका सबसे बुरा असर होता है इंसानों पर! जिनके शरीर के अंदर बहते खून का दबाव उनकी नसों और खाल को फाड़कर उनको सिर्फ खून से सनी लाशें बना देता है!
आप लोगों के पास तो अत्याधुनिक हथियार हैं! शायद पूरे ग्रहों को धूल का गुबार बना देने लायक हथियार भी हों! फिर इस हत्यारे को आप लोग खत्म क्यों नहीं कर पाते?
हमने इस पर न्यूक्लियर हथियारों तक का प्रयोग कर लिया है ध्रुव! लेकिन नुकसान हमारा ही हुआ, इसका नहीं!
ये खुद भी एक 'वैक्यूम शील्ड' में रहता है! हमारा कोई भी हथियार इसकी 'वैक्यूम शील्ड' को पार नहीं कर पाता है!

अगर हम निर्वात में जिन्दा नहीं रह सकते तो ये निर्वात में कैसे जिन्दा रह लेता है?
इसकी यही खासियत तो अभी तक इसकी रक्षा कर रही है! यह निर्वात में ही जिन्दा रहता है! इसीलिए हर वक्त इसके चारों तरफ एक 'वैक्यूम शील्ड' चढ़ी रहती है!
तब तो इसको खत्म करना काफी आसान है मिट्टा!
अगर हम किसी तरह से इसके फेफड़ों में हवा पहुंचा सकें तो यह बेबस हो जाएगा!
यह आइडिया हमको भी कई बार आ चुका है! पर हवा को इसके कवच के अंदर तक पहुंचाना असंभव है!
और मान लो कि अगर किसी तरह से हवा इसकी 'वैक्यूम-शील्ड' के अंदर पहुंच भी गई तो ये उसको पलभर में बाहर निकाल फेंकेगा!
तब तो हमें पहले इसकी 'वैक्यूम शील्ड' को नष्ट करना पड़ेगा! इसको 'वैक्यूम शील्ड' पैदा करने के लिए किसी न किसी ऊर्जा के स्त्रोत का इस्तेमाल तो करना ही पड़ता होगा! बस, हमको उसी स्त्रोत यानी सोर्स को नष्ट करना है!
मैं तुम्हारा बड़ा प्रशंसक हूं ध्रुव! पर ऐसी सलाहें देकर तुम मुझको निराश कर रहे हो! ऐसे तरीके तो हम खुद भी सोच सकते हैं!
दरअसल इसकी ऊर्जा का स्त्रोत तो इसका शरीर ही है! और उसको नष्ट करने के लिए पहले वैक्यूम शील्ड को नष्ट करना पड़ेगा! देखा, बात वहीं की वहीं आ गई!

निराश होने की जरूरत नहीं है इंस्पेक्टर मिट्टा! अब मैं कोई और तरीका सोचूंगा!
उसका समय हमको शायद न मिल पाए ध्रुव! क्योंकि अब यह हमको कैद करने के लिए निशाना साधकर 'वैक्यूम बम' छोड़ रहा है!

जल्दी ही कोई न कोई बम की निर्वात कैद हमको अपने अंदर खींचकर हमको भी मांस के लोथड़ों में बदल देगी!
तब तक कोई आइडिया आने तक बचते रहना होगा, मिट्टा!

बचने के रास्ते खत्म हो रहे हैं ध्रुव! अब यह अपने 'वैक्यूम बमों' को वाहनों के अंदर फेंक रहा है! अब वैक्यूम बम कारों को अंदर से फाड़ेगा और घातक नुकीले धातुई टुकड़े चारों तरफ हवा में उड़ेंगे!

और कोई न कोई टुकड़ा हमको अपना निशाना बना ही लेगा!
आहह!
मिट्टा! ओफ़! मिट्टा बेहोश हो रहा है! अब तो मुझे बचाना तो दूर सलाह देने वाला भी कोई नहीं है!

ओफ़! वैक्यूम बमों के निशाने मेरे पास आते जा रहे हैं!

ध्रुव ने बचने की कोशिश तो भरपूर की-

लेकिन वैक्यूम के बढ़ने की गति बहुत तेज थी-

आऽऽऽह! इस वैक्यूम गोले ने मुझको अपनी कैद में ले लिया है! अब मैं यहां से बाहर नहीं निकल सकता!

ओह! झरने के अंदर से आते पानी का प्रेशर झरने को तोड़ रहा है! मुझे इसके उड़ते हुए टुकड़ों से भी बचना होगा!

लेकिन झरने के उड़ते टुकड़ों से बचकर होगा भी क्या? यह वैक्यूम तो दो पलों में ही मेरी सारी नसों को फाड़कर मेरे खून को शरीर से बाहर निकाल लेगा!

फेफड़ों से तो हवा पहले ही निकल चुकी है!

अब बचने का कोई रास्ता नहीं है!

मौत, ध्रुव को दबोचने ही वाली थी-

ओह! ये पानी का तालाब! अब इसके अंदर ऐसा कोई प्रेशर नहीं है जिस पर वैक्यूम का असर हो सके!

मैं पानी में भी सांस ले सकता हूं! और पानी के अंदर रहकर मैं वैक्यूम से भी बच सकता हूं!

तू पानी में इतनी देर से घुसा है लेकिन फिर भी तेरा दम नहीं घुटा! अब मुझे खुद ही तेरा दम घोटना पड़ेगा!
अपनी 'वैक्यूम-शील्ड' के साथ तुझको कैद रखने वाले 'वैक्यूम गोले' में घुसना पड़ेगा मुझे!
और तेरी मुलायम गर्दन को अपने इन दो हाथों से तोड़ना पड़ेगा!
यही तो मैं चाहता हूं! अब मेरे और इसके बीच में कोई रुकावट नहीं है!
अब ये जैसे ही मुझे पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाएगा, वैसे ही मैं इसके हाथ को पकड़कर...
...इसको पानी के अंदर खींच लूंगा! जो इंसान वैक्यूम में जीने का आदी हो वह पानी या हवा जैसे माध्यम में अपने होशोहवास कायम नहीं रख सकता!
इस बार ध्रुव का ख्याल सही था-

Prashant's Upload
पानी, 'वैक्यूम बूम' का दम घोंट रहा था-
आऽऽऽह! गड़ब! ये... ये पानी मेरे होश छीन रहा है! और मुझे अपनी 'वैक्यूम शील्ड' को फिर से बनाने का मौका नहीं दे रहा है! आहह! गड़ब!
जैसे-जैसे 'वैक्यूम बूम' के होश गायब होते गए-
वैसे-वैसे ही
उसके शरीर की ऊर्जा से चलने वाली
उसके वैक्यूम बमों की निर्वात कैद भी कमजोर पड़ने लगी-
और जल्दी ही बाहर के वायुमंडल के दबाव ने वैक्यूम गोले को भेदना शुरू कर दिया-
यानी मैं जीत गया हूं, और वैक्यूम बूम हार गया है!
आऽऽऽह! अब मैं सांस ले सकता हूं! नसों पर खून का बढ़ता दबाव भी खत्म हो गया है!
कमाल कर दिया तुमने ध्रुव! जिस पर न्यूक्लियर हथियार तक बेअसर रहे, उसको तुमने पानी पिला-पिलाकर हरा दिया! पहले मैंने तुम पर शक किया था! अपने भगवान पर शक किया था!
उसके लिए मुझे माफ कर देना!
प्लीज इंस्पेक्टर! ऐसी बातें कह कर मुझे शर्मिन्दा न करें!

कहानी 19 पेज से जारी

सबसे पहले तो हमको इस गुत्थी को सुलझाना होगा कि इस युग में आपके अलावा ऐसा और कौन है जो मुझको सिर्फ जानता ही नहीं है, बल्कि उसको मुझसे खतरा भी है!
वर्ना वह मुझको मारने के लिए इस शताब्दी के सबसे खतरनाक हत्यारे को न भेजता।
शायद वहां पर हमको कोई ऐसा सुबूत मिल सके जो हमको उस इंसान या कहो शैतान तक पहुंचा सके जिसने मुझ पर हमला करने की कोशिश की थी। क्योंकि मुझे लग रहा है कि इन दोनों घटनाओं के पीछे एक ही शख्स का हाथ है!
POLICE
POLICE
ऐसा ही होगा ध्रुव! वह तुमको क्रिस्टल ढूंढ़ने से रोकना चाहता होगा। वर्ना तुम पर कोई भी भला हमला क्यों कराएगा?
तुम तो उस बीते जमाने की याद हो ध्रुव, जिसको आज के इंसान कभी के भूल चुके हैं। समझ में नहीं आता कि आज के युग का इंसान, प्राचीन युग के किसी इंसान से क्यों डरेगा?
समझना तो पड़ेगा इंस्पेक्टर। फिलहाल हमको क्रिस्टल की चोरी वाले घटनास्थल पर चलना चाहिए।
पर यहां तो न कोई पहरेदार है और न ही अलार्म सिस्टम।
इस युग में इनकी जरूरत है भी नहीं ध्रुव!
जल्दी ही- ध्रुव और इंस्पेक्टर डाला घटना-स्थल पर थे-
यहीं पर क्रिस्टल रखा हुआ था ध्रुव! कुछ घंटों पहले तक!
तुम तो कह रहे थे कि यहां पर बड़ी कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था है!
क्रिस्टल तक पहुंचने के लिए हमको सबसे पहले अपनी 'क्लियरेंस चिप' को इस स्कैनर में डालना होगा।
और जैसे ही स्कैनर, चिप को स्कैन करेगा...

और जल्दी ही-

अब हम लिफ्ट के अंदर आ गए हैं ध्रुव! यहां पर मुझको अपना पुलिस बैच का कोड डायल करना पड़ेगा! तब ये लिफ्ट चलेगी!

तब तो हमको यह भी पता चल सकता है कि क्रिस्टल की चोरी से ठीक पहले यहां पर कौन-कौन आदमी आए थे!

वह लिस्ट हमने पहले ही निकाल ली है ध्रुव! उन सभी लोगों की छानबीन पुलिस के डिटेक्टिव कर रहे हैं!

लेकिन अभी तक कोई भी ऐसा आदमी नहीं मिला है जिस पर शक किया जा सके!

और वह आदमी तुझको मिलेगा भी नहीं ध्रुव! इससे पहले कि तू मुझ तक पहुंच सके!

दो अलग- अलग हत्यारे ध्रुव के पीछे पड़े हुए थे! और दोनों के मकसद अलग- अलग होते हुए भी एक थे-
दोनों ही ध्रुव नाम के खतरे को समझते थे और उसको क्रिस्टल तक पहुंचने से रोकना चाहते थे-
लेकिन पूरा कोड भर नहीं पाया-
लेकिन ध्रुव ने उनके पास पहुंचने की कोशिश जारी रखी हुई थी-
ये कॉरीडोर सिलिकॉन क्रिस्टल के कक्ष तक जाता है!
लेकिन उससे पहले मुझे एक और सीक्रेट कोड इसमें भरना पड़ेगा!
वर्ना हमारे इस कॉरीडोर के काले हिस्से में घुसते ही लेसर किरणों का सिक्योरिटी वेब' चालू हो जाएगा! जो हमको पलभर में जलाकर खाक कर देगा!
मिट्टा ने शुरुआत तो की-
आऽऽऽ ह्! फोटॉन मैन!
फोटॉन मैन? ये कैसी मुसीबत है?

फोटॉन मैन कैसी मुसीबत है इसके बारे में कोई कुछ नहीं जानता! इसके बारे में मैंने सिर्फ सुना ही है। ये प्रकाश कण फोटॉन से बना एक प्राणी है! यह प्रकाश की गति से चल सकता है और उच्च तापमान भी पैदा कर सकता है!
ये एक मिलट्री प्रोजेक्ट है! इसको तो अभी सिर्फ प्रायोगिक स्तर पर होना चाहिए था! ये... पूरा बनकर यहां कैसे आ गया?
इस पर तो हमारा कोई भी हथियार असर नहीं करेगा!
अब तो ये आ ही गया है! पर ये अब करेगा क्या?
कोड पूरा नहीं भर पाया है! लिफ्ट भी बंद हो चुकी है। हम वापस नहीं जा सकते! अब या तो हम इसके हजारों डिग्री गर्म हाथों को छूकर मरेंगे या उस लेजर किरण के जाल पर मरेंगे जो हमारे द्वारा फर्श को दाबे जाते ही पैदा हो जाएगा!
और ये हमको उस तरफ ही धकेलने की कोशिश कर रहा है!

क्रिस्टल में दिलचस्पी रखने वाले हर शख्स की निगाहें उस दृश्य पर टिकी हुई थीं-

ये क्या हो रहा है? ये तो फोटॉन मैन है! हमको यह पता तक नहीं था कि इसको बना लिया गया है। पर... पर अगर हमने इसको नहीं भेजा तो इसको भेजने वाला भला कौन हो सकता है!

वह चोर जिसने क्रिस्टल चुराया है! फोटॉन मैन को उसी ने भेजा होगा ताकि ध्रुव मारा जाए और उस तक न पहुंच पाए!

फिर हमको क्या करना चाहिए? एनी सजेशन?

हमको फोटॉन मैन पर नजर रखनी होगी! यह हमको क्रिस्टल के चोर तक भी पहुंचाएगा और ध्रुव को भी मारेगा! हमारे दोनों काम हो जाएंगे!

ध्रुव और मिट्टास्क ऐसे प्राणी के सामने पड़ गए थे जिसका निर्माण उस उच्च तकनीक से हुआ था, जिस तकनीक के पास खुद उसको नष्ट कर पाने का तरीका नहीं था-

आऽऽऽह! मेरा पैर काले हिस्से पर पड़ गया है ध्रुव! और लेजर वेब बनना शुरू हो गया है! हम दोनों तरफ से घिर चुके हैं! अब हम नहीं बचेंगे!

मौत सिर्फ 2196 में ध्रुव के सामने थी-

सन् 2003 में तो ध्रुव खुद मौत का रूप धारण किए हुए था-
तेरा खेल खत्म हो गया है किंगकांग! अब अगर तू खुद खत्म होना नहीं चाहता तो मुझको मानवों को नष्ट करने के पीछे छिपा हुआ अपना मकसद बता दे!
वह मकसद तो बाद का है!
फिलहाल तो मेरा मकसद तेरी आश्चर्यजनक शक्तियों का रहस्य जानना है! और यह भी कि तुझ पर मेरी शक्तियों का असर क्यों नहीं हो रहा है!
रोबॉट ध्रुव भविष्य की वैज्ञानिक शक्तियों से युक्त होने के बावजूद भी किंग कांग की शक्तियों का मुकाबला नहीं कर पा रहा था-
लेकिन मदद ज्यादा दूर नहीं थी-
यही है किंगकांग का अड्डा! चारों तरफ उसके पालतू गुरिल्ले फैले हुए हैं! पर घबराओ मत! ये मुझको पहचानते हैं। इसीलिए ये मुझ पर हमला नहीं करेंगे!
लेकिन यहां से बाहर जाना अंदर आने जितना आसान नहीं होगा!

ये है किंगकांग के अड्डे का रास्ता!
यहां पर तो कोई पहरेदार तक नहीं हैं!
ट्रेंड गुरिल्लों के रहते किंगकांग को पहरेदारों की भला क्या जरूरत है!
अंदर आओ!
अंदर पहुंचते ही-
ओ गॉड! यहां तो बाजी पलटी हुई है!
किंगकांग ने ध्रुव को नहीं बल्कि ध्रुव ने किंगकांग को कब्जे में किया हुआ है!
हमको कुछ भी करने की जरूरत ही नहीं है!
ठीक कहा! क्योंकि अब जो करना है...
... वह तो सुपर कमांडो ध्रुव को ही करना है। अच्छा हुआ जो तुम यहां पर आ गए! मुझे यह टेस्टिंग करने के लिए कुछ लोगों की सख्त जरूरत थी...
... कि आखिरकार सुपर कमांडो ध्रुव मेरे कंट्रोल में आ गया है या नहीं!
यह क्या हो गया? क्या अब ध्रुव की शक्तियों का प्रयोग हम पर और फिर दुनिया पर कहर बरपा करने के लिए किया जाएगा?

इसको रोकना हमारे बस से बाहर की बात है। अब तो बस उस शक्ति का ही आसरा है जिसने ध्रुव से पहले हुए मेरे मुकाबले के दौरान मेरा साथ दिया था। मेरे हेलीकॉप्टर को बगैर पंखों के ही उड़ा दिया था!

वह शक्ति मेरी थी मूर्ख! तब मुझको तुझे बचाना था! अब तो मैं चाहता हूं कि तू मरे! ताकि मेरे खिलाफ कोई भी सबूत न रहे!

मैंने आतंकवादियों को जेल से छुड़ाने के लिए पहले उस पर्वतारोही को अद्भुत शक्तियां देकर जेल में भेजा, जिसको हमने इसी पर्वतमाला पर अधमरी हालत में पाया था! उसको ध्रुव ने मात दे दी! फिर मैंने शिंकर को आर्मी डिपो से हथियार लाने के लिए भेजा! वह साइज में छोटा होकर धौलापुर आर्डिनेंस फैक्ट्री से आए डिब्बों में घुसकर अंदर तो पहुंच गया, पर वहां उसको ध्रुव से पिटना पड़ा! किस्मत ने उसको बचा लिया था! वर्ना वह बचकर आ नहीं पाता! उन दोनों को हराने का काम कोई इंसान नहीं कर सकता था! जाहिर है कि ध्रुव एक रोबोट है!
और यह सच्चाई समझते ही मैंने अपने वारों का तरीका बदल दिया! और ध्रुव मेरे कब्जे में आ गया! जब तुम अंदर आए तो मैं ध्रुव से पिट नहीं रहा था बल्कि अपने ऊपर ही यह टेस्टिंग कर रहा था कि ध्रुव मेरे कब्जे में आ गया है या नहीं!
ध्रुव इंसान हो या रोबोट, लेकिन ध्रुव ज्यादा देर तक तुम्हारे कब्जे में नहीं रहेगा! वह आजाद हो जाएगा और फिर वह तुम्हारा विनाश कर देगा!
हुम! अच्छा याद दिलाया! ऐसा हो सकता है!
तुम सब ध्रुव के दोस्त हो! तभी तो उसको बचाने के लिए मौत के मुंह में घुस आए! पर घबराओ मत! अब मैं तुमको नहीं मारूंगा! अगर ध्रुव होश में आ भी गया तो तुम तीनों मेरी इंश्योरेंस पॉलिसी बनोगे! तुम्हारी जानें बचाने के लिए वह कुछ भी करेगा!
ले जाओ इन तीनों को और संभालकर बंद कर दो! हमको इनकी जरूरत पड़ सकती है!

वैसे मुझको शक है कि यह रोबॉट कभी भी मेरी कैद से मुक्त हो पाएगा!
जाओ ध्रुव! ऐसी तबाही बरसा दो दुनिया पर जैसी आज तक ओसामा भी नहीं बरसा पाया होगा! खत्म कर दो इस मानव सभ्यता को जो अपने आपको इस दुनिया के हर जीव से ऊपर समझती है! जाओ!
और शुरुआत वहीं से करो जहां के लोग तुमको अपना रक्षक समझते हैं!
राजनगर से!
हमला शुरू हो गया-
मानव सभ्यता नष्ट होने लगी-
कड़ड़
ये उड़ता हुआ शैतान कौन है?
ओ माई गॉड! ये... ये तो ध्रुव है! पर इस बार ये तबाही को रोकने के बजाय खुद तबाही क्यों मचा रहा है?
वह भी घातक विस्फोटक किरणों के जरिए! ध्रुव के पास ऐसी शक्तियां कहां से आईं?
ये... ये ध्रुव नहीं हो सकता! जरूर ये ध्रुव के रूप में कोई शैतान है!

लेकिन उसे रोकने के प्रयास भी हो रहे थे-

पुरानी कहावत है मिट्टा कि इस ब्रह्माण्ड में कोई भी चीज अविनाशी नहीं है। ऊर्जा भी नहीं! और यह फोटॉन मैन ऊर्जा का ही बना है!

अरे! यह लड़खड़ाया क्यों? यहां पर तो इसको ठोकर लगने लायक चीज नहीं है!

हम चूहों की तरह फंस गए हैं ध्रुव! इधर फोटॉन मैन' है, और उधर 'लेसर वेब'!

हम जिस तरफ भी जाएंगे, राख में बदल जाएंगे!

और फोटॉन मैन को हम कभी खत्म नहीं कर सकते!

तुम तो भाषण देने लगे ध्रुव! अरे, अपना दिमाग इससे बचने में लगाओ!

वही कर रहा हूं मिट्टा! और एक जवाब तो मुझे मिल भी गया है!

किस सवाल का जवाब ध्रुव ?
'फोटॉन मैन' अपने आप में कोई प्राणी नहीं है इंस्पेक्टर मिट्टा! ये सिर्फ एक छाया है! फोटॉन कणों से बनी एक छाया! और इस छाया को अपने इशारों से कोई जीता जागता इंसान या मशीन कहीं और से चला रही है!
ये तुमने कैसे समझा ?
फोटॉन मैन का यहां पर बगैर ठोकर लगे लड़खड़ाना यह बताता है कि कोई कहीं और पर लड़खड़ाया है, और उसका रिएक्शन फोटॉन मैन पर हुआ है!
बात समझ में तो आती है! किसी छाया यानी प्रोजेक्शन पर किसी वार का असर नहीं हो सकता है!
लेकिन अगर इसको कोई और कहीं दूर से प्रोजेक्ट कर रहा है तो भी इससे फर्क क्या पड़ता है! यह समझ लेने से हमको इसे रोकने में कैसे मदद मिलेगी ?
बल्कि अब तो समस्या और कठिन हो गई है। भला प्रकाश कणों से बनी छाया को कैसे खत्म किया जा सकता है!
लोहे को लोहा ही काट सकता है इंस्पेक्टर मिट्टा! वैसे तुम्हारे युग के हिसाब से यह पुरानी कहावत है। तुमने शायद सुनी भी न हो!
लोहे से काटोगे! तुम इसको लोहे से नहीं काट सकते, ध्रुव!
और... और तुम लेसर वेब में क्यों घुस रहे हो ? आत्महत्या करना चाहते हो क्या ?

नहीं, इंस्पेक्टर मिट्टा! मैंने कभी भी इंसानी जान न लेने की शपथ ली है! और उसमें मेरी जान भी शामिल है!

मैंने इस 'लेसर जाल' को समझ लिया है! इसकी किरणों के बीच इतनी सँकरी जगहें छूटी हुई हैं जिसमें से एक सामान्य इंसान निकल सके! अब यह मेरी जुपिटर सर्कस में सीखी गई कलाबाजी पर निर्भर करता है कि मैं अपने अंगों को लेसर बीम्स के स्पर्श से बचा पाऊंगा या नहीं!
लेकिन यह खतरा तो मुझे मोल लेना ही है! क्योंकि अगर 'फोटॉन मैन' को सिर्फ मुझे रोकने के लिए भेजा गया है, तो यह मेरे पीछे-पीछे 'लेसर वेव' के अंदर जरूर आएगा!

ताकि यह मुझको इस 'जाल' में फंसाकर मार सके! मेरा सोचना सही निकला! यह मेरे पीछे-पीछे लेसर वेव में घुस आया है!
असली मुकाबला अब शुरू होगा! आज मेरी कलाबाजी की कला की अग्नि-परीक्षा है!
मिट्टा चकित था-
ध्रुव आखिर क्या करना चाहता है? ऐसे तो उसको जल मरने में एक सेकंड भी नहीं लगेगा!

ध्रुव को तो लेसर बीम के जाल से बचबचकर कूदना पड़ रहा है! लेकिन फोटॉन मैन के लिए तो लेसर बीम का कुछ महत्त्व ही नहीं है! ये बीम भला उसका क्या बिगाड़ पाएंगी? पर... पर नहीं! कुछ हो रहा है!

'फोटान मैन' का शरीर ज्यादा तेजी से चमक रहा है! और इसका शरीर टूटना भी शुरू हो गया है! पर कैसे?
आहह! चमक बढ़ती जा रही है! अब तो इसकी तरफ देखना भी मुश्किल लग रहा है!
मिट्टा के देखते-देखते-
एक बेआवाज धमाके के साथ फोटॉन मैन के शरीर के टुकड़े-टुकड़े होकर हवा में घुल गए-
लेकिन इस धमाके का असर दूर तक हुआ-
आऽऽऽह!
फोटॉन मैन खत्म हो गया! मैं ही यहां से उसको प्रक्षेपित कर रहा था! और उससे जुड़ा हुआ होने के कारण उसके खत्म होने का 'बैक शॉक' यहां तक आ पहुंचा है! पर... फोटॉन मैन खत्म हुआ कैसे?

कहानी 35 पेज से जारी

मिट्टा भी इसी सवाल का जवाब चाहता था-

कमाल कर दिया तुमने, ध्रुव! लेकिन ये कमाल तुमने किया कैसे?

इसको मारना ज्यादा कमाल की बात नहीं थी! कमाल तो मुझे लेसर वेव से बचने में दिखाना था।

इसको काटने का तरीका तो आसान था! तुम तो जानते ही होगे कि अगर विद्युत प्रवाह को तारों में एक सीमा से अधिक बढ़ा दिया जाए तो शॉर्ट सर्किट हो जाता है!

विद्युत प्रवाह और कुछ नहीं, सिर्फ धातु की तारों में इलेक्ट्रॉनों का प्रवाह होता है! जब तारों में इलेक्ट्रॉनों की संख्या एक सीमित मात्रा से बढ़ जाती है तो धमाका हो जाता है!

इसी थ्योरी को मैंने फोटॉन मैन पर आजमाया था! वह प्रकाश कण फोटॉन का बना आदमी था। मैंने उसको लेसर वेव में खींच लिया क्योंकि लेसर भी प्रकाश का ही एक सघन रूप है! लेसर किरणों ने फोटॉन मैन के शरीर में फोटॉन कणों की संख्या को बढ़ाना शुरू कर दिया।

और फोटॉन मैन फट गया!

क्योंकि उसके शरीर में इतने फोटॉन कणों को संभाल सकने की क्षमता नहीं थी!

वाकई ध्रुव! मैं तुम्हारे बारे में जितना जानता जा रहा हूं उतना ही चकित होता जा रहा हूं! अब चलो, हमको क्रिस्टल चोरी वाले घटनास्थल की छानबीन करनी है! मैं कोड भरता हूं!

उसकी जरूरत अब नहीं है मिट्टा! फोटॉन मैन ने मुझको उस चोर का पता बता दिया है!

सच में? कौन... कौन है वह आदमी?

जहां मैं बताता हूं वहां पर मुझको ले चलो!

थोड़ी देर बाद तुम खुद ही उस आदमी के सामने होगे!

कमाल है!

मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा है कि केस सुलझ गया है!

चोर का पता, अपराध जगत के सरताजों को भी चल गया था-

हमको पता चल गया कि क्रिस्टल का चोर कहां पर है?

ये तुम इतने विश्वास के साथ कैसे कह सकते हो?

हम तो ये मानकर चल रहे हैं कि क्रिस्टल के चोर ने ही फोटॉन मैन को ध्रुव को रोकने के लिए भेजा था।

जब ध्रुव ने फोटॉन मैन को नष्ट किया तो उस पैदा हुए 'बैक शॉक' को हमने रिकॉर्ड कर लि था। वह बैक शॉक उस इमारत से होता हुआ वहां से कई किलोमीटर दूर स्थित इस स्था पर जाकर खत्म हुआ। मेरे ख्याल से यहां वही इंसान मौजूद है जिसने फोटॉन मैन से संपर्क बनाया हुआ था, और इस वक्त जिसके पास क्रिस्टल मौजूद होना चाहि

क्रिस्टल तक पहले पहुंचने की होड़ लगी थी-

तुम फोटॉन मैन को अपने इस सूट के जरिए चला रहे थे! जैसी हरकत तुम यहां पर कर रहे थे, उसी की नकल फोटॉन मैन वहां पर कर रहा था!

तुम यह भूल रहे हो मिट्टा कि वह सिक्योरिटी सिस्टम मेरा ही डिजाइन किया हुआ था! अपने ही सिक्योरिटी सिस्टम को झांसा देना मेरे लिए बांए हाथ का काम था!

और रहा क्रिस्टल को चुराने का कारण तो मुझको पता नहीं था कि इससे इतनी तबाही फैल जाएगी! मुझे उम्मीद थी कि जल्दी ही ध्रुव अपनी हार मान लेगा और कोई ज्यादा नुकसान होने से पहले क्रिस्टल को वापस उसके स्थान पर पहुंचा दूंगा!

पर ऐसा हुआ नहीं!

ध्रुव मेरे द्वारा भेजी गई छाया फोटॉन मैन से बच गया! पर तुमने यह कैसे जाना कि फोटॉन मैन को भेजने वाला मैं ही था!

इसीलिए फोटॉन मैन के चलने का अंदाज तुम्हारी चाल से मिल रहा था! और हर इंसान की एक खास चाल होती है! उसी चाल ने मुझको तुम्हारा पता बता दिया, प्रोफेसर!

अब अपने आपको कानून के हवाले करने से पहले क्रिस्टल को जगह पर पहुंचाओ और मुझे वापस २००३ में भेजने का प्रबंध करो!

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मैं तुमको सिलिकॉन क्रिस्टल की चोरी और पूरी पृथ्वी पर अराजकता फैलाने के आरोप में गिरफ्तार करता हूं!

मैं मानता हूं, मिट्ट कि मैंने जो कुछ भी किया गलत किया! मुझ पर ध्रुव को नीच दिखाने का जुनून सव हो गया था! लेकिन मैं कानून की गिरफ्त में आकर अपनी जिन्दगी को बरबाद करना नहीं चाहत

...क्योंकि तुमको क्रिस्टल पहले हमारे हवाले करना है!
किलर क्लान के हवाले!
कभी नहीं! नेवर!
किलर क्लान के सदस्य! और यहां पर? सौ सालों से पुलिस तुम लोगों को हजारों अपराधों के लिए ढूंढ रही है! लेकिन आज तक तुमको किसी ने नहीं देखा है... मेरा मतलब... था...तुम लोग यहां तक पहुंचे कैसे?
ध्रुव ने हमको यहां तक पहुंचाया! फोटॉन मैन को खत्म करके! हम उसके बैक शॉक का पीछा करते-करते यहां तक आ पहुंचे!
हम बड़े मूर्ख थे जो पहले हमने वैक्यूम बूम को भेजकर ध्रुव को क्रिस्टल तक न पहुंचने देने की कोशिश की थी!
ओह! तो वैक्यूम बूम को तुमने भेजा था! अब तुम्हारा भी वही हाल होगा जो तुम्हारे आदमी वैक्यूम बूम का हुआ था!
तू हम लोगों को अगर अच्छी तरह से जानता तो यह बात तेरे दिमाग में ही नहीं आती! किलर क्लान ने पिछले कई हजार सालों में लाखों अपराध कराए हैं! अपराध हम खुद नहीं करते बल्कि तुम जैसे इंसानों को ही अपराध करने के लिए शक्तियां देते हैं! हमने न जाने कितने देशों के बीच में युद्ध कराया है, न जाने कितनी सत्ताएं पलटी हैं, और न जाने कितनी नामी-गिरामी शख्सियतों को अपने स्वार्थ के लिए मरवाया है!
अब खुद ही सोच...
...जो दूसरों को शक्तियां दे सकता हो, उसके पास खुद कितनी शक्ति होगी!
इसने... इसने तो 'बूम-रे' को हवा में ही रोक दिया!
और... और अब यह उसको वापस पलटा रहा है! मेरे हथियार के अंदर धकेल रहा है!

मेरा हथियार फट रहा है! आ sss ह!
तू तो हमारे लिए एक बच्चा है इंस्पेक्टर, सिर्फ एक बच्चा! खतरा तो हमको ध्रुव से है! ये यहां पर कैसे आया यह हम नहीं जानते! पहले हमने इसको नकली समझा था! पर 'वैक्यूम बूम' और 'फोटॉन मैन' को खत्म करके इसने हमारा भ्रम तोड़ दिया! हमारे हजारों साल पुराने इतिहास में हमारा साम्राज्य सिर्फ एक बार तबाह हुआ है!
आज से लगभग दो सौ साल पहले... सुपर कमांडो ध्रुव के हाथों! लेकिन हम इतिहास को दोहराने नहीं देंगे! इसको इसी युग में यहीं पर मार-मारकर खत्म कर देंगे! लेकिन यह काम हम क्रिस्टल मिलने के बाद करेंगे!
बांध दो इन तीनों को! और पूरी लैब में फैलकर क्रिस्टल की तलाश करो!
किलर क्लान के सदस्य के एक ही इशारे पर लैब में फैली धातु रूप बदलकर खंभों का रूप लेने लगी-
उसमें ऊर्जा का प्रवाह होने लगा-
और तीनों के हाथ, बंधनों में कसकर खंभों से बंध गए-
आsss ह! अद्भुत है इनकी शक्ति! कौन हैं ये किलर क्लान के लोग? और क्या चाहते हैं ये!
ये भी तुझे बता दिया जाएगा, सुपर कमांडो ध्रुव!
जब हम क्रिस्टल तलाश करके तेरी जान निकालेंगे, तब!

सन् २००३ में रोबोट ध्रुव का विनाश जारी था! लेकिन उसको रोकने के प्रयास भी तेज कर दिए गए थे-
रुक जाओ, सुपर कमांडो ध्रुव! वर्ना हमको मजबूर होकर तुम पर वार करना पड़ेगा!
ये रुक नहीं रहा है, पार्टनर! ये...ये तो सीधा हमारी तरफ आ रहा है!

और वह भी खत्म होने जा रहा था-

क्योंकि उस तरीके का नाम था-

सुपर कमांडो ध्रुव-

और वह तरीका भी भविष्य की दुनिया में दम तोड़ने के करीब था-

हमको कुछ तो करना होगा, मिट्टा! हम ऐसे इंसानों को मरते हुए नहीं छोड़ सकते।

अब कुछ नहीं हो सकता ध्रुव! अगर हम इन बंधनों से आजाद हो भी गए तो भी किलर क्लान की शक्तियों का सामना नहीं कर पाएंगे!

फिर तो काम बन गया! अरे सुनो! किलर क्लान वाले भाइयों! आऽऽऽह! हमको छोड़ दो तो मैं तुमको क्रिस्टल का पता बता सकता हूं! मैं भविष्य की दुनिया में मरना नहीं चाहता!
हमारे सामने बड़े-बड़े शेर तक गिड़गिड़ाने लगते हैं! और आज तूने भी यही किया है, ध्रुव! ऊर्जा के इन मामूली झटकों से ही डर गया! खैर, बता! कहां है क्रिस्टल?
ये... ये क्या कह रहे हो ध्रुव? आऽऽऽह! क्या तुमको इस दुनिया की जरा भी परवाह नहीं है। आऽऽऽह!
इस भविष्य की दुनिया की मैं भला क्यों परवाह करूंगा? क्रिस्टल, टाइम मशीन के नीचे छिपा है!
आहाऽऽऽ मैं समझ गया तेरी चाल! मैंने प्रोफेसर की वह बात सुन ली थी कि ये मशीन पास जाने वाली हर चीज को खींच लेती है! तू यही चाहता है न कि ये मशीन हमको खींचकर भविष्य की उजाड़ पृथ्वी पर पहुंचा दे!
यही बात है न? पर मैं मशीन के नीचे चेक जरूर करूंगा! पर पहले मशीन की पावर बंद करूंगा!
ये बहुत चालाक है ध्रुव! तुम्हारी चाल पहले ही समझ गया! और अब क्रिस्टल इसके हाथ लगकर ही रहेगा!
दुनिया तबाह होकर ही रहेगी!
हा हा हा! आओ दोस्तो! देखो, आखिरकार सफलता मेरे हाथ लग ही गई! अब मानव तबाह होकर ही रहेंगे!
हे भगवान! ये मैंने क्या कर दिया?

कमाल हो गया! अब मानवों की किस्मत का फैसला हमारे हाथों में है!
एक मिनट! क्रिस्टल हमारे पास है इस बात को सिर्फ ये तीन ही जानते हैं! मेरे ख्याल से तो इनको विखंडित करके अणुओं में बांट देना चाहिए ताकि इनका कोई नामोनिशान ही न बचे!
एक्सेलेंट आइडिया! मानवों के विनाश के अभियान की शुरुआत इन तीनों से ही करते हैं!
ओफ! काश टाइम मशीन में 'पॉवर' होती तो वह इन शैतानों को खींचकर दूसरी ही दुनिया में भेज देती, लेकिन अब तो हम खुद ही दूसरी दुनिया में जा रहे हैं!
पॉवर! टाइम मशीन को ऊर्जा चाहिए न! उसको ऊर्जा अभी भी मिल सकती है!...
... हमारे शरीरों को जो ऊर्जा झटके दे रही है वह भी किलर क्लान की शक्तियों द्वारा ही पैदा की गई है! वे इसको रोक नहीं पाएंगे!
और ये ऊर्जा टाइम मशीन तक पहुंचेगी मेरी स्टार लाइन के जरिए!
ध्रुव का कुशल कलाबाज शरीर मुड़ा-
और स्टार लाइन का दूसरा सिरा टाइम मशीन में जा धंसा-
मशीन चालू हो गई है ध्रुव! और-और किलर क्लान के सदस्य उसके अंदर खिंच रहे हैं! लेकिन मशीन अभी पूरी तरह से काम नहीं कर पा रही है! उसको और पावर चाहिए! लेकिन उसको और पॉवर भला कहां से मिल सकती है!
मिल सकती है प्रोफेसर! मिल सकती है!
वह पॉवर मशीन को आप और इंस्पेक्टर मिट्टटा देंगे...

...मेरे शरीर के जरिए!

ध्रुव ने खतरनाक कदम उठाया था! अब तीनों के शरीरों में बहती ऊर्जा का बहाव ध्रुव के शरीर से होता हुआ टाइम मशीन तक पहुंच रहा था-

अब देखना यह था कि पहले ऊर्जा ध्रुव के शरीर को खाक में बदलेगी या फिर टाइम मशीन का खिंचाव किलर क्लान को निगल डालेगा-

Prashant's Upload
पर ऐसा हुआ नहीं! ध्रुव के पैरों ने स्टार लाइन का संपर्क मशीन से तोड़ दिया-
और ऊर्जा मिलनी बंद होते ही टाइम मशीन भी खामोश हो गई-
हमारे शरीरों में बहने वाली ऊर्जा भी खत्म हो गई है!
ओफ़! अब क्रिस्टल भी सुरक्षित है और हम भी! मैं अपने किए पर बेहद शर्मिन्दा हूं ध्रुव! मैं स्वीकार करता हूं कि तुमने मुझे हर तरह से मात दे दी है!
अब मैं कानून से सजा पाकर अपनी गलतियों का पश्चाताप करूंगा!
वह सब बाद में करना प्रोफेसर! पहले इस क्रिस्टल को इसकी सही जगह पर पहुंचाओ!
जल्दी ही-
अब क्रिस्टल सही जगह पर है! और यह तुम्हारी वजह से ही संभव हो पाया है ध्रुव!
और फिर-
अब सब कुछ सामान्य है ध्रुव! बस, हमको यह पता नहीं चल सका कि किलर क्लान वाले ऐसा क्यों कर रहे थे?
इन्होंने जिक्र किया था कि एक बार दो सौ साल पहले भी मैं इनका विनाश कर चुका हूं! पर मुझको तो याद नहीं पड़ता कि मैंने पहले कभी ऐसा किया है!
वह तुम अपनी आगे की जिन्दगी में करोगे! या फिर इस वक्त वह काम तुम्हारा प्रतिरूप रोबॉट कर रहा होगा! आखिरकार वह भविष्य का उत्पाद है! तुम्हारे समय की कोई भी शक्ति उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती!
मैं अभी देखता हूं!
प्रोफेसर प्रसा ने अपने यंत्रों का संपर्क गुजरे हुए जमाने से जोड़ा-

और सभी चौंक उठे-
ओ गॉड! ये... ये तो 2003 के युग को तबाह कर रहा है! पर क्यों? मैंने इसके अंदर ऐसा कमांड तो भरा ही नहीं था!
ये काम किसी और ने किया है! पर कैसे?
यही मशीन की सबसे बड़ी खराबी है प्रोफेसर! वह आदमी के इशारे पर काम करती है! अच्छा आदमी उससे अच्छा काम करवाएगा तो बुरा आदमी, बुरा काम! जरूर किसी ने इसके सर्किटों को छेड़कर इसको अपना गुलाम बना लिया है!
और मेरा दिल कह रहा है कि यह काम किलर क्लान के पूर्वजों का ही है! मुझे इसको रोकने का तरीका बताइए! ताकि मैं अपने समय में वापस जाकर इस रोबॉट को नष्ट कर सकूं!
न तो इस रोबॉट को मारने का कोई तरीका है और न ही इसके सर्किटों से छेड़-छाड़ कर सकने का कोई रास्ता!
क्या इसको इस युग में वापस नहीं बुलाया जा सकता!
यह हो सकता तो यह काम तुरंत कर देता! सर्किटों में बदलाव होने से इससे हमारा संपर्क टूट गया है! मैं इसको वापस नहीं बुला पा रहा हूं!
हां, अगर तुम किसी तरह से इसके 'ब्रेन सर्किटों' तक पहुंच सको तो 'XZXPO' का कमांड देते ही इसका 'इलेक्ट्रॉनिक ब्रेन' काम करना बंद कर देगा! लेकिन इसके 'ब्रेन' तक तुम कैसे पहुंचोगे ये सोचना तुम्हारा काम है!
तो फिर इसे रोकने का काम मुझे ही करना होगा!
आप मुझको 2003 में भेजने का इंतजाम करें!

और मानसिक शक्ति वाले असली ध्रुव को मदद की जरूरत थी-

हमको यहां से निकलना होगा, नताशा! वर्ना यह गर्मी और ऑक्सीजन की कमी जल्दी ही हमारी जान ले लेगी!

जानती हूं! पर हम लावे के बीचोबीच में खड़े हैं! यहां से किनारे पहुंचे भी तो कैसे? पता नहीं ये किंगकांग ज्वालामुखी के पास क्यों रहता है!

आप कुछ बोलते क्यों नहीं, पापा?

किंगकांग ने मेरी लेसर आई का कनेक्शन तोड़कर मुझे असहाय कर दिया है!

जब मैं कुछ कर ही नहीं सकता तो बोलकर क्या करूंगा?

एक मिनट रोबो! अपनी लेसर आई को मुझे चेक करने दो!

ओऽऽऽ इसके तार टूट गए हैं! अगर इन तारों को किसी तरह से जोड़ा जा सके तो तुम्हारी 'लेजर आई' फिर से काम करने लगेगी!

इसके लिए इन तारों की 'सोल्डरिंग' करनी होगी! और हमारे पास सोल्डरिंग रॉड नहीं है!

कुछ ही पलों बाद तार का पिघला हुआ सिरा चंडिका के हाथ में था-

और उससे चंडिका रोबो की लेसर आई के टूटे तारों की 'सोल्डरिंग' कर रही थी-

वाह! अब मेरी 'लेसर आई' फिर से काम कर रही है! पर इससे काम लूं भी तो क्या लूं?

लेसर आई से इस चट्टानी खंभे को पहले ऊपर से काट दो, रोबो...

...और फिर इसकी जड़ को पेड़ के तने की तरह इस तरह से काटो कि ये गिरकर किनारे से कट जाए!

गुड आइडिया चंडिका!

रोबो की 'लेसर आई' ने चट्टान को काटकर उसको किनारे से टिका दिया-

ओsss यस! थैंक गॉड! मुझे लग रहा था कि गिरने से ये चट्टान कहीं टूट न जाए!

पर ऐसा हुआ नहीं!

ये... ये तो अंडे लगते हैं!

इतने बड़े अंडे! ये किसके हो सकते हैं! मैंने तो आसपास कोई चिड़िया नहीं देखी!

इनको यहां पर रखने का मकसद क्या है?

इनको छूकर देखती हूं!

इनको छूने की गलती भूलकर भी न करना!

क्योंकि ये अंडे मेरे हैं! और ज्वालामुखी की गर्मी इनको 'से' रही है! इनको गर्मी पहुंचाकर इनमें जीवन का निर्माण कर रही है! और हमारे एक अंडे को सेने में ये ज्वालामुखी की गर्मी भी पूरे पचास साल लेती है!

ये... ये क्या बकवास कर रहे हो किंगकांग? पागल हो गए हो क्या? इंसान अंडे नहीं देते! और पुरुष तो कतई नहीं देते! या... या शायद तुम इंसान हो ही नहीं! कौन हो तुम?

बहुत सस्पेंस पैदा हो गया है! लो इसको खत्म ही कर देते हैं!

तुम जानना चाहते हो न कि कौन हूं मैं?

वहां से दूर- राजनगर में रोबॉट ध्रुव का विनाश बेरोकटोक जारी था-

और अब मौसम ने भी उसका साथ देना शुरू कर दिया था-

हा हा हा! ये मौसम मुझको सूट कर रहा है! मेरे मूड को अच्छा कर रहा है! मेरे शरीर को ठंडा कर रही ये पानी की बूंदें और मेरे दिमाग को गर्म करती हुई ये कड़कड़ाती बिजलियां!

तबाही फैलाने में मजा आ जाएगा।

लेकिन मुझे बिल्कुल भी मजा नहीं आ रहा है!

और मेरा मूड भी बहुत खराब हो रहा है!

कौन... कौन है तू? मेरे जैसे कपड़े क्यों पहन रखे हैं! और मेरे जैसी शक्ल क्यों बना रखी है!

मेरी शक्ल तो जन्म से ही ऐसी है! शक्ल तो तूने मेरे जैसी बना रखी है! मैं सुपर कमांडो ध्रुव हूं!

सुपर कमांडो ध्रुव तो मैं हूं! और इस दुनिया में एक ही सुपर कमांडो ध्रुव रह सकता है!

इसीलिए तुझे मरना होगा!

तुझे मरना होगा!
आऽऽऽह्!
मैं अपने युग में वापस तो आ गया, लेकिन मेरे पास कोई योजना बनाने का वक्त नहीं है! और योजना बनाऊं भी तो किस आधार पर? इस रोबॉट की किसी कमजोरी का मुझे पता भी तो हो!
ओफ! नीचे गिरने से बाल-बाल बचा! लेकिन ज्यादा देर तक नहीं बच पाऊंगा! जल्दी ही ये स्टार लाइन को काट देगा, और मैं इसको रोक नहीं पाऊंगा! काश, मैं इसके इलेक्ट्रॉनिक दिमाग को हिला सकता तो शायद कुछ हो पाता!
अरे हां! इसके दिमाग को झटका दिया जा सकता है!
इसका एक तरीका है मेरे पास!
स्टार लाइन का एक सिरा रोबॉट ध्रुव के पैर से जा लिपटा-
और रोबॉट के कुछ समझ पाने से पहले ही स्टार लाइन का दूसरा सिरा 'सिग्नल-फ्लेयर' में लिपटकर घने बादलों की तरफ लपक चुका था-

स्टार लाइन के नुकीले सिरे ने नीचे गिरती बिजलियों को अपनी तरफ आकृष्ट कर लिया-
और हजारों वोल्ट के करेंट ने रोबॉट ध्रुव के शरीर को हिला डाला-
और वहां से दूर हिमालय की ऊंचाइयों में-
ओ माई गॉड! तो... तो ये है तुम्हारा असली रूप!
हां, ये है मेरा असली रूप! तुम्हारी नजरों में एक गुरिल्ले का रूप! मेरे आसपास जो 'गुरिल्ले' तुमको नजर आते रहते हैं वे मेरी ही जाति के हैं! अति बुद्धिमान प्राणी! लेकिन तुम मानवों की नजर में मूर्ख जानवर से ज्यादा कुछ भी नहीं! हमारे इसी रूप ने सैकड़ों सालों से हमारी जाति को मानवों पर हमले करते रहने के बावजूद, हमको तुम लोगों की नजरों से बचाए रखा!
वाह! रोबॉट का दिमाग अंधेरे में डूब रहा है! मेरे पास इसका सिर खोलकर सर्किट नष्ट कर पाने का मौका है!
लेकिन मानवों ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है? क्या दुश्मनी है तुम्हारी मानवों से? क्यों विनाश चाहते हो तुम मानव जाति का?
क्योंकि मानव जाति के कारण ही हमारी प्रजाति का विकास रुका है! हम मानवों से पहले इस धरती पर आए! उससे ज्यादा बुद्धिमान प्राणी के रूप में विकसित हुए!

इसीलिए हमने मानवों को ही मानवों का दुश्मन बना दिया! उसके लिए हमारे पास ज्ञान भी था और शक्ति भी! हमने मानवों को शक्तियां देकर उनसे ही मानव का विनाश कराया! कभी किसी तानाशाह को कुबुद्धि दी, कभी आतंकवादियों को हथियार और साथ-साथ मानवों को भ्रष्टाचार, अपराध जैसे गलत काम करने के लिए भी उकसाया!

और अब हम अपने लक्ष्य के एकदम करीब हैं। हालांकि पृथ्वी पर मानवों की संख्या 6 अरब के पास पहुंच चुकी है लेकिन अब माहौल ऐसा बन चुका है कि कभी भी मानवों के बीच में ऐसा युद्ध छिड़ेगा जो उनकी जनसंख्या का पूर्ण विनाश कर देगा...

... और तब पृथ्वी पर हमारी प्रजाति का राज्य होगा! बुद्धिमान गुरिल्ले का!

और उसी पल- वहां से दूर राजनगर में-

मुझे भी इसके पीछे जाना होगा। पता करना होगा कि इस मुसीबत को कौन कंट्रोल कर रहा है!
ध्रुव को यह जानने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा-
आऽऽऽह!
ओह!
असली का तो कह नहीं सकती...
दो... दो ध्रुव! यानी एक नकली ध्रुव है और एक असली! एक विनाश फैलाने वाला और एक उसको रोकने वाला!
पर इनमें से असली कौन सा है?
...लेकिन नकली ध्रुव का पता मुझे चल गया है!
बचो, चंडिका! नताशा!
अब बचने का कोई रास्ता नहीं है! तुम सब खुद मेरे जाल में आकर फंस चुके हो। हमारी और ध्रुव की सम्मिलित शक्ति के सामने तुम चारों का बच पाना असंभव है!

ये सही कह रहा है रोबो! मैं इसके जैसे दूसरों से भी मिल चुका हूं! बस मुझको उस वक्त ये नहीं पता था कि ये वास्तव में बुद्धिमान गुरिल्ले हैं।
पर इसके ब्रेन तक पहुंचा कैसे जा सकता है! हम तो इसके पास भी नहीं फटक सकते!
ये ध्रुव रोबॉट है! भविष्य से आया हुआ एक अति आधुनिक रोबॉट है। इसकी शक्तियों से हम नहीं जीत सकते! फिलहाल ये इस गुरिल्ले के कब्जे में है!
हमको रोबॉट के इलेक्ट्रॉनिक ब्रेन तक पहुंचकर उसमें अपना कमांड भरना पड़ेगा! तभी ये मानसिक कैद से आजाद हो पाएगा!
लेसर किरण! यस! एक तरीका है रोबो! इस रोबॉट का ब्रेन हमारे दिमाग का ही इलेक्ट्रॉनिक रूप है! और हमारे मस्तिष्क का सिर्फ एक ही हिस्सा बाहर से देखा जा सकता है! हमारी 'ऑप्टिक नर्व'! वह नस जो दृश्य के संकेतों को दिमाग तक ले जाती है!
ये तो ठीक है! पर इस जानकारी से फायदा क्या है?
तुम लेसर किरणों के द्वारा इसकी आंखों से जुड़ सकते हो रोबो! और हम कमांड को प्रकाश कणों में बदलकर इसके दिमाग तक पहुंचा सकते हैं!
कंप्यूटर मेरे पास है! एक 'बकल कंप्यूटर' मेरी बेल्ट में लगा है!
तो फिर देर कैसी? मैं और ध्रुव किंगकांग और इसके गुरिल्लों को संभालते हैं! तुम दोनों ध्रुव के रोबॉट को संभालो!
यानी ऑप्टिकल मैसेज! ऐसा सिस्टम मेरी 'लेसर आई' में लगा तो हुआ है, पर आज तक मैंने उसका प्रयोग नहीं किया है!
मुझे पता है रोबो! पर समस्या एक कंप्यूटर की है! किसी कंप्यूटर को तुम्हारी लेसर आई से जोड़े बगैर कमांड के सिग्नल नहीं भेजे जा सकते!
पर पहले कमांड तो सुन लो! कमांड है...
XZXPO!

योजनाबद्ध तरीके से दो मोर्चों पर एक साथ हमला शुरू हो गया-
जल्दी करो चंडिका! मैं ज्यादा देर तक इसकी लेसर बीम को रोककर नहीं रख सकता! जल्दी ही इसकी 'डबल रे' मेरी लेसर किरण को पीछे धकेल-कर मेरी खोपड़ी को छेद देगी!
बस! कांम हो चुका है रोबो! ये रहा आखिरी कमांड!
कमांड पूरा होते ही-
रोबोट ध्रुव की पूरी मेमोरी वापस लौट आई-
ये मैं कहां...? अरे!
तुम तो ध्रुव हो! जिसका मैं प्रतिरूप हूं! और मेरे रूप को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता!
तू सचमुच आजाद हो गया है! यानी मुझे अब तुझको फिर से काबू में करना पड़ेगा!

किंगकांग की मानसिक शक्ति रोबॉट ध्रुव के दिमाग से एक बार फिर छेड़-छाड़ करने लगी–
आऽऽऽह! ये... ये मेरी मेमोरी को फिर से प्रोग्राम कर रहा है! लेकिन अब मैं ऐसा नहीं होने दे सकता! शायद मेरे अंत का समय आ गया है!
मैंने 'आत्मघाती बटन' को दबाकर अपने शरीर को एक मिनी न्यूक्लियर बम में बदल दिया है! कुछ ही देर में मेरा शरीर फट पड़ेगा!
तुम अपने साथियों के साथ बाहर निकलो ध्रुव! मैं इन गुरिल्लों को यहीं पर रोककर रखता हूं! ताकि ये तुम्हारा पीछा न कर सकें!
जल्दी आओ ध्रुव! इधर से बाहर जाने का रास्ता है! मेरा हेलीकॉप्टर वहीं पास में खड़ा है!
रोबॉट ध्रुव बम अब फटने वाला ही है!

रोबोट ध्रुव फट पड़ा! और उसके साथ-साथ ज्वालामुखी ने भी लावे को हवा में बिखेर दिया-
ओह! बाल-बाल बचे! पर ये रोबोट ध्रुव का चक्कर क्या था? और इस दौरान तुम कहां पर थे, ध्रुव?
लम्बी कहानी है! कभी समय मिला तो फुरसत से सुनाऊंगा, रोबो!
फुरसत तो अब हो ही गई है! हजारों साल तक तबाही मचाने के बाद आखिरकार किंग-कांग और उसके गुरिल्ला गैंग का अंत हो चुका है!
उसके... ही ही ही... अंडों का भी!
मैं!
हैं?
नहीं, नताशा! किंगकांग गैंग कुछ समय के लिए चाहे लावे की परतों में दब गया हो, लेकिन अभी मरा नहीं है!
वे पृथ्वी पर विनाश फैलाने के लिए एक बार फिर आएंगे! सैकड़ों वर्षों के बाद!
ये तुम इतने विश्वास के साथ कैसे कह सकते हो? और भविष्य में इनको विनाश फैलाने से भला कौन रोकेगा?
समाप्त